Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite the commencement of railway service in Morwad tehsil in Bhiwandi Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे भिवंडी लोक सभा क्षेत्र में मोरवाड़ तहसील है। भारतीय रेल के जनक नाना शंकर सेठ का गांव मोरवाड़ है। लगभग 50 सालों से मोरवाड़ के लोग वहां रेल के आने का इंतजार कर रहे हैं।

मैं प्रधानमंत्री जी और रेल मंत्री श्री पीयूष जी को धन्यवाद दूंगा और तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़णवीस जी को भी धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने मोरवाड़ के लिए रेल सैंक्शन कराई। अभी उसका अंतिम डीपीआर तैयार होकर नीति आयोग के पास जाने वाला है।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से विनती करूँगा कि 50 सालों से इंतजार में बैठे हुए लोगों का इंतजार खत्म करने के लिए मोरवाड़ की रेल का काम जल्द-से-जल्द शुरू करने के लिए सहयोग दें और हमारा सपना पूरा करें। मैं रेल मंत्री जी से यह विनती करता हूँ।

माननीय अध्यक्ष:

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल को श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल द्वारा उठाए गए विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।